वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 60 | बुधवार 28 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राजस्थान में 3 दिन केन्द्रीय नेताओं के दौरे

## जोधपुर में राजनाथ सिंह, भरतपुर में नड्डा तो उदयपुर में अमित शाह भरेंगे हुंकार



**जयपुर. कासं**

विधानसभा चुनावों के मद्देनजर बीजेपी के केन्द्रीय नेतृत्व का राजस्थान पर पूरा फोकस हैं। यहीं वजह है कि लगातार राजस्थान में पीएम मोदी से लेकर केन्द्रीय मंत्रियों व नेताओं के दौरे हो रहे हैं। इसी क्रम में अगले तीन दिन प्रदेश में केन्द्रीय नेताओं के दौरे रहेंगे। इसमें 28 जून को जोधपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, 29 को भरतपुर में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व 30 जून को गृहमंत्री अमित शाह उदयपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इन दौरों से बीजेपी इन तीनों संभागों में अपनी राजनीतिक पकड़ तो मजबूत करने की कोशिश कर ही रही हैं। वहीं विधानसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और गुटबाजी को भी समाप्त करने में लगी हैं। वहीं दौरों के जरिए सोशल इंजीनियरिंग को भी साधने की कोशिश की जा रही हैं। बीजेपी ने 31 मई को अजमेर में पीएम मोदी की सभा से राजस्थान में चुनावी शंखनाद कर दिया था। जिसके बाद से लगातार बीजेपी प्रदेश को लेकर आक्रामक रणनीति के तहत काम कर रही हैं। इन तीनों दौरों के बाद अगले माह पीएम मोदी का एक बार फिर राजस्थान आने का कार्यक्रम बन रहा हैं। जिसके तहत मोदी जुलाई में जोधपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। राजनाथ सिंह के बाद 29 जून को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भरतपुर आ रहे हैं। भरतपुर में वह बीजेपी के नए जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। वहीं नदबई में आयोजित होने वाले लोकसभा सम्मेलन के जरिए जनसभा को संबोधित भी करेंगे। सियासी समीकरण के लिहाज से भरतपुर संभाग में बीजेपी की स्थिति सबसे ज्यादा खराब हैं। पिछले चुनावों में बीजेपी यहां 19 में से केवल 1 सीट जीत पाई थी। उसमें भी राज्यसभा चुनावों में धौलपुर से बीजेपी विधायक शोभारानी कुशवाह ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर दिया था। जिसके बाद बीजेपी ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया था। ऐसे में आज की तारीख में भरतपुर संभाग में बीजेपी का एक भी विधायक नहीं हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में भरतपुर संभाग में अन्य नेताओं के भी दौरे होंगे।

### मारवाड़ में बीजेपी की सोशल इंजीनियरिंग

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की 28 जून को जोधपुर जिले के बालेसर में एक बड़ी सभा होगी। केन्द्र में मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित लोकसभा सम्मेलन को राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। राजपूत बाहुल्य माने जाने वाले मारवाड़ में राजनाथ सिंह का यह दौरा सोशल इंजीनियरिंग के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं। यहीं वजह है कि राजनाथ सिंह की सभा राजपूत बाहुल्य क्षेत्र बालेसर में करवाई जा रही हैं। वहीं मारवाड़ के सियासी समीकरण देखें तो बीजेपी यहां बहुत मजबूत स्थिति में नहीं हैं। मारवाड़ के छह जिलों की 33 सीटों में से पिछले चुनाव में बीजेपी को 14, कांग्रेस को 16, आरएलपी को 1 व 2 सीटें अन्य के खातें में गई थी।

### मेवाड़ के लिए बीजेपी की खास रणनीति

मेवाड़ को लेकर बीजेपी खास रणनीति के तहत काम कर रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले 9 महीने में पीएम मोदी के 6 दौरों में से 2 मेवाड़ में हुए।अब मेवाड़ को साधने के लिए 30 जून को गृह मंत्री अमित शाह भी आ रहे हैं। शाह उदयपुर शहर के गांधी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं बूथ सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं में जान फूंकने का काम भी करेंगे। राजस्थान की राजनीति में माना जाता है कि जिसने मेवाड़ फतह कर लिया, उसने राजस्थान फतह कर लिया। लेकिन पिछले विधानसभा चुनावों में यह मिथक टूटा था। उदयपुर संभाग की 28 सीटों में से बीजेपी ने 15, कांग्रेस ने 10 और अन्य ने 3 सीटें जीती थी। लेकिन इस बार गुलाबचंद कटारिया के राज्यपाल बन जाने से बीजेपी के लिए मेवाड़ में वैक्यूम पैदा हो गया हैं। वहीं लोकल नेताओं में गुटबाजी भी बढ़ी हैं। हालांकि मेवाड़ से सीपी जोशी को प्रदेशाध्यक्ष बनाकर बीजेपी ने इस वैक्यूम को खत्म करने की कोशिश की हैं। लेकिन अभी भी मेवाड़ में पिछली परफोर्मेंस बरकरार रखना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा।

# 9 लाख स्टूडेंट्स का फ्यूचर प्लान करेंगे 15,000 टीचर्स




**जयपुर. कासं**

राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की करियर काउंसलिंग की जाएगी। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल 'डायल फ्यूचर' (भविष्य की राह) योजना की शुरूआत की है। जिसके तहत राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों में दसवीं पास कर चुके स्टूडेंट्स को **11th** में सब्जेक्ट सलेक्शन के साथ ही फ्यूचर की तैयारी को लेकर कॅरियर काउंसलिंग की जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में यह यह काउंसलिंग टीचर्स द्वारा दी जाएगी। जिसके लिए टीचर्स को भी विषय विशेषज्ञों की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि प्रदेश में 26 जून से प्रारंभ हुए नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए स्कूल चलो अभियान (प्रवेशोत्सव) चलाया जा रहा है। इसके साथ ही इस बार शिक्षा विभाग द्वारा 28 जून से 5 अप्रैल तक दसवीं पास करने वाले बच्चों का विषय चयन में मार्गदर्शन किया जाएगा। ताकि वह सही कॅरियर का विकल्प चुन सके। जो भविष्य में स्टूडेंट्स के लिए फायदेमंद साबित होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि हम आज जो कुछ भी बन पाए हैं। या जो बनना चाहते थे और नहीं बन पाए। उसमें हमारे दसवीं कक्षा के बाद चुने गए विषय का महत्वपूर्ण योगदान है। विषय का चयन विद्यार्थी के भविष्य निर्धारण में महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि संकाय चयन में मार्गदर्शन देने के साथ ही निकटतम विद्यालय की भी जानकारी दी जाएगी।

# चुघ को बेस्ट रोटेरियन सम्मान से नवाजा



उदयपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3054 द्वारा आयोजित उपहार समारोह में रोटरी क्लब उदय के पूर्वाध्यक्ष राजेश चुघ को बेस्ट रोटेरियन 2022-23 अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें, उन्हें यह पुरस्कार प्रांतपाल बलवंत चिराना व पूर्व प्रांतपाल आशीष देसाई ने प्रदान किया।

रिपोर्ट/फोटो : दिनेश शर्मा

# अमृता पाठशाला के बच्चों को मिले उपहार, आनंद से खिल उठे भोले, प्यारे चेहरे...






**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया**

अमृता हॉस्पिटल के परिसर में रहने व पढ़ने वाले 50 से अधिक बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय योगसप्ताह में, सी 20 की ओर से जब नई टी शर्ट व अन्य उपहार मिले तो उनके भोले चेहरे आनंद से खिल उठे। आज अमृता प्रोजेक्ट में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी स्वरूपमृता चैतन्य, ठउफमें गुरूजी के नाम से परिचित डॉ सुभाष जैन, कर्नल गोपाल कृष्णन, मुख्य मंत्री के मिडिया सलाहकार मुकेश वशिष्ठ, इंजिनियर वालसन पालोरान आदि जनों ने भेंट किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूज्य अम्मा के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इंजिनियर अरुण कुमार जैन ने अमृता पाठशाला का स्थापना विवरण बताते हुए कहा कि विगत 2 से अधिक वर्षों से इन श्रमिक बच्चों को पढ़ाई, दोपहर भोजन, ड्रेस, स्वास्थ्य व संस्कार प्रतिदिन पूज्य अम्मा की अनुकम्पा से प्रदान किये जा रहे हैं। पूरे देश के विभिन्न प्रांतो के ये बच्चे जो कभी कचरे के ढेर से पॉलिथीन बटोरते थे, आज देश के जागरूक नागरिक बनने की ओर अग्रसर हैं। वर्धमान महावीर सेवा संस्थान के संस्थापक डॉ सुभाष जैन जो विगत 30 वर्षों से जन जन को फ्री एक्युप्रेशर चिकित्सा दे रहे हैं, के द्वारा ये उपहार अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर दिए गए. कार्यक्रम में डॉ सुभाष जैन की सेवा भावी पत्नी, मुकेश वशिष्ठ, एम एल जैन, डॉ दीपा गर्ग, डॉ हरीश भारद्वाज व अमृता प्रोजेक्ट के कर्मी उपस्थित थे। कर्नल गोपाल कृष्णन, स्वामी स्वरुपमृता जी, डॉ सुभाष जैन व मुकेश वशिष्ठ ने अपने उदबोधन में बच्चों को सदैव आनंद व उत्साह से भरे रहकर देश के श्रेष्ठ नागरिक बनने का आव्हान किया। कार्यक्रम में श्रीमती पूनम, शिल्पी, हितेश कुमार, अमृता परिवार, वर्धमान महावीर सेवा संस्थान परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। पाठशाला के ये बच्चे प्रतिदिन शाम को हॉस्पिटल के आरती कोर्ट में शीड बॉल बनाने के कार्यक्रम में भी योगदान देते हैं, जिनको कुछ दिन बाद आस पास के जंगलो में डाला जायेगा जो वन विकास में सहयोग देने । इंजिनियर अरुण कुमार जैन ने सभी का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# लेकसिटी के क्रिस्टल ग्लास आर्टिस्ट वकार ने फिर बनाया रिकॉर्ड

## वकार द्वारा निर्मित राम दरबार की मनमोहक कृति वर्ल्ड ह्यूमन बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज




उदयपुर. शाबाश इंडिया। लेकसिटी के ख्यात क्रिस्टल ग्लास आर्टिस्ट वकार हुसैन ने एक बार फिर वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लेकसिटी को गौरवान्वित किया है। बता दें, वकार द्वारा कुछ माह पूर्व बनाई गई सम्पूर्ण राम दरबार की मनमोहक कृति को वर्ल्ड ह्यूमन बुक ऑफ रिकॉर्ड में स्थान मिला है। वकार ने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, रसायन एवं उवर्रक तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तत्ववधान में वर्ल्ड ह्यूमन बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से इस आशय प्रशस्ति पत्र, मेडल व स्मृति चिन्ह भिजवाया गया है। मंगलवार को सम्मान के सभी प्रतीक लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने वकार को प्रदान कर इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द, प्रेम व भाईचारे का संदेश देती इस कलाकृति को चहुंओर सराहना मिली है और इस उपलब्धि से कलाकार को अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। **रिपोर्ट : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# अष्टान्हिका महापर्व के दौरान सिद्धचक्र महा मंडल विधान का आयोजन



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

**इंदौर, देवास** । 26 जून से 03 जुलाई तक दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'सतपथ देवास' द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मन्दिर जी में अष्टानीका महापर्व पर विश्व शांति एवम जगत कल्याण की भावना को लेकर सिद्धचक्र महा मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। शास्त्रों में आषाढ़ की अष्टानीका का बहुत महत्व बताया है, इस अवधि में देव एवम इंद्र भी नंदीश्वर दीप में आकर सिद्ध भगवान की आराधना एवं भक्ति करते है। प्रत्येक साधर्मी बंधुओ को सिद्ध चक्र महामंडल विधान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि अन्तिम लक्ष्य के रूप में संसारी प्राणी मोक्ष नही पा सकता है। इसलिए सिद्धों की आराधना करके मोक्ष का लक्ष्य पा सकते है। विधान के प्रथम दिन आचार्य श्री प्रसन्न ऋषि महाराज एवम पण्डित भागचंद जैन शास्त्री,देवास के सानिध्य में घट यात्रा संत सदन नयापुरा से प्रारंभ होकर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवम ध्वजारोहण कर्ता दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका एवम राष्टीय कार्याध्यक्ष कीर्ति पांड्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम आचार्य श्री प्रसन्न ऋषि महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत अरविंद पानोत, शैलेन्द्र जैन ने किया ।सिद्धचक्र महा मंडल विधान में ग्रुप सदस्यो के साथ साथ समाज के सभी वरिष्ठ, ट्रस्ट के पदाधिकारी एवम महिलाओं ने पुण्यर्जन किया, विधान के प्रथम दिन के पुण्यार्जक विमल संगीता जैन (वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में), शैलेंद्र प्रीति जैन एवम संजय बीना जैन कटारिया रहें।



## वेद ज्ञान

### मृत्यु से ज्यादा निश्चित कुछ नहीं

अमूर्त स्तर पर जीवन के कार्यकलापों में हलचल और चकाचौंध यानी ध्वनि और प्रकाश का समावेश है। ये दोनों मूर्त या भौतिक अस्मिताएं हैं और इनका स्वरूप अस्थाई है। अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए इन्हें स्रोत चाहिए, स्वयं में ये पंगु हैं। दूसरे छोर पर मृत्यु, शांति और अंधकार हैं। अनंत से जन्मी ये अस्मिताएं अविनाशी हैं, इनका अस्तित्व किसी के बूते पर नहीं टिका रहता, क्योंकि इनकी प्रकृति दैविक है। नवजात शिशु के आगमन और हर्षोल्लास में मनुष्य तनिक भी यह विचार नहीं करता कि जो आया है उसे जाना है। जीवन जन्म और मरण की छोटी सी यात्रा का दूसरा नाम है। मृत्यु से ज्यादा निश्चित कुछ भी नहीं, जीवन की क्षणभंगुरता से ज्यादा अनिश्चित कुछ भी नहीं है। संकीर्ण सोच लिए वह अस्थिर साधन जुटाने में ईश्वरीय अपेक्षाओं और उनके पालन के परम लक्ष्य से विचलित हो जाता है। इस प्रक्रिया में वह नकारात्मक संवेगों यथा ईर्ष्या, वैमनस्य, लालच, शत्रुभाव आदि से ग्रस्त होता है। आए दिन होती मौतों के संदेश नहीं पढ़ता। महान कवि जयशंकर प्रसाद ने कहा है कि मृत्यु दुनिया का सबसे बड़ा मौन शिक्षक है। हमें कल मरना है, इस दृष्टि से हम जीना सीख लें, तो जीवन सार्थक हो जाएगा। मृत्यु के सत्य को समझने वाला सत्कार्य में निरत रहता है और मृत्यु के उपरांत सत्कर्मों की पूंजी साथ ले जाता है। वह जीवन पूरी तरह जीता है और कभी भी मरने के लिए तैयार रहता है। वह जानता है कि दूसरों की मौत पर पुष्प अर्पित करने से अधिक महत्वपूर्ण उसे जीते जी पुष्प भेंट करना है। मृत्यु को जीवन का विलोम नहीं,बल्कि अंग समझने से मृत्यु का भय नहीं सताता। जीवन की सबसे बड़ी क्षति मृत्यु नहीं,बल्कि जीते जी हौसलों का खत्म हो जाना है। मौत से वे भयभीत होते हैं, जो जिंदगी से दूर भागते हैं। अनुवांशिक परंपरा में अपनी संतति में अपनी प्रतिकृति देखते हुए बुद्धिमान व्यक्ति अपनी मौत से भयाकुल नहीं होगा। कहा गया है, मृत्यु तो शांतिप्रद होती है, किंतु इसका विचार मनुष्य को विचलित करता है। आध्यात्मिक स्तर पर, मृत्यु आत्मा और परमात्मा का मिलन क्षण है।

## संपादकीय

# एक सुर में साथ मिल कर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया

सत्रह दलों के करीब तीस बड़े नेता बैठक में शामिल हुए और एक सुर में साथ मिल कर चुनाव लड़ने का संकल्प दोहराया। यह निश्चित रूप से नीतीश कुमार की महीनों की मेहनत का सुफल था। इससे उम्मीद जताई जा रही है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती मिलेगी। मगर आम चुनाव में अभी वक्त है और इस बीच विपक्षी दलों का यह सूत्र कितना टिकाऊ साबित हो पाता है, देखने की बात होगी। हालांकि इसमें सभी विपक्षी दलों ने कांग्रेस की अगुआई स्वीकार कर ली है, मगर यही सबसे नाजुक बिंदु है, जहां से दिक्कतें शुरू हो सकती हैं। आम आदमी पार्टी ने तो अपनी शर्त पर दबाव बनाना भी शुरू कर दिया है। उसने स्पष्ट कहा है कि कांग्रेस दिल्ली सरकार संबंधी केंद्र के अध्यादेश पर उसका साथ दे, नहीं तो वह भी गठबंधन को लेकर विचार करने पर विवश होगी। आम आदमी पार्टी जिस तरह की आक्रामक राजनीति करती है, वह ढंग कांग्रेस का नहीं है। कांग्रेस अध्यादेश के समर्थन में कभी नहीं रही, मगर वह उसे लेकर सड़क पर नहीं उतरना चाहती है। वह सदन का मामला है और वह उसे सदन में उठाएगी, ऐसा उसने स्पष्ट भी कर दिया है। मगर आम आदमी पार्टी इसे लेकर कितने धैर्य का परिचय देती है, देखने की बात है। दरअसल, विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रयास पहली बार नहीं हुआ है। पिछली लोकसभा चुनाव के वक्त भी हुआ था, मगर सिरे नहीं चढ़ सका। भाजपा ने कुछ अधिक सीटों के साथ ही वापसी की थी। नए बने गठबंधन में ज्यादातर क्षेत्रीय दल हैं और सबके अपने क्षेत्रीय स्वार्थ, समीकरण और मुद्दे हैं। अपने-अपने क्षेत्र में सबकी लड़ाई भाजपा के अलावा कांग्रेस से भी है। विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस के विरोध में ही चुनाव लड़ते रहे हैं। इस तरह अगर सभी एकजुट होकर केवल भाजपा के विरोध में उतरते हैं, तो उन्हें कांग्रेस के साथ अपनी सीटों का बंटवारा करना पड़ेगा, जिसके लिए उनकी पार्टी को खासा मंथन और विरोध से होकर गुजरना पड़ेगा। मसलन, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस के लिए बहुत कम जगह छोड़ना चाहेंगी। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी की मुख्य लड़ाई ही कांग्रेस से है, इसलिए सीटों के बंटवारे पर किस तरह दोनों के साथ सहमति बनती है, कहना मुश्किल है। ऐसी ही मुश्किलें समाजवादी पार्टी आदि दूसरे दलों के साथ भी हैं। शुरूआती चरण में ही जिस तरह आम आदमी पार्टी के भीतर कांग्रेस को लेकर हिचक देखी जा रही थी, वह अभी दूर नहीं हुई है। दरअसल, दिल्ली में आम आदमी पार्टी आई ही थी कांग्रेस का विरोध करके। वह टीस अभी कांग्रेस में भी बनी हुई है। यही वजह है कि बहुत सारे मामलों में न केवल भाजपा, बल्कि कांग्रेस की तरफ से भी उसे विरोध का सामना करना पड़ता है। दिल्ली सरकार संबंधी अध्यादेश पर कांग्रेस की चुप्पी भी उसी का नतीजा है। फिर आम आदमी पार्टी को यह भी लगता है कि अगर उसने कांग्रेस से किसी भी प्रकार का गठजोड़ कर लिया, तो उसका जनाधार कमजोर हो सकता है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# रूस की परेशानी

यूक्रेन पर हमले के बाद रूस को पहली बार अपने ही घेरे के भीतर से भारी चुनौती मिली है। वहां के भाड़े के सैनिकों के संगठन वैगनर ने रूसी प्रशासन के खिलाफ बगावत कर दी। तख्तापलट की घोषणा के साथ ही वैगनर की टुकड़ियां मास्को की तरफ कूच कर गईं। स्वाभाविक ही इससे व्लादिमीर पुतिन प्रशासन में हड़कंप मच गया। हालांकि पुतिन ने कुशल रणनीति के साथ इस बगावत को शांत करने में कामयाबी हासिल कर ली, मगर उसकी मुश्किलें समाप्त नहीं हुई हैं। वहां से जैसी खबरें आ रही हैं, वे पुतिन प्रशासन के लिए अच्छी नहीं कही जा सकतीं। पहले कहा गया कि पुतिन ने बलपूर्वक वैगनर सेना की बगावत को कुचल डाला है। अब खबर है कि वैगनर की शर्तों के सामने पुतिन प्रशासन को झुकना पड़ा है। बगावत के दौरान ही जिस तरह रूसी उप विदेश मंत्री अचानक चीन पहुंचे और वहां के विदेश मंत्री से बातचीत की, उससे भी स्पष्ट संकेत मिला कि रूस में सब कुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है। खबर है कि रूसी रक्षामंत्री को उनके पद से हटाया जा सकता है। खबर तो यहां तक आई कि पुतिन ने मास्को छोड़ने का फैसला कर लिया है, मगर क्रैमलिन ने इस खबर का खंडन किया। दरअसल, यूक्रेन पर हमले में रूस ने वैगनर सेना के लड़ाकों को भी भारी संख्या में तैनात किया था। पिछले दिनों वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने आरोप लगाया कि रूसी सेना प्रमुख उसकी रणनीतियों में बेजा दखल दे रहे हैं, उन्हें तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए। मगर पुतिन प्रशासन का सकारात्मक रुख नजर नहीं आया तो प्रिगोझिन ने वैगनर सेना को मास्को की तरफ कूच करने का आदेश दे दिया। बता दें कि वैगनर सेना में पच्चीस से तीस हजार लड़ाके सैनिक हैं, जो अत्याधुनिक हथियारों से लैस हैं। वैगनर के मास्को की तरफ कूच करते ही पुतिन ने वहां के टेलीविजन पर जनता को संबोधित किया और वैगनर की बगावत को देशद्रोह बताया। इसके साथ ही आतंकवाद निरोधक कानून लागू कर दिया गया और वैगनर के खिलाफ रूसी सेना को सड़कों पर उतार दिया। आखिरकार वैगनर प्रमुख ने अपनी टुकड़ियों को मास्को कूच से रोक दिया। पुतिन प्रशासन ने घोषणा की कि वह वैगनर सैनिकों के खिलाफ किसी तरह की कानूनी कार्रवाई नहीं करेगा। उन्हें बेलारूस में ठहरने को कहा गया। इस तरह रूस में एक बड़ा खून-खराबा होने से टल गया। मगर वहां अभी विद्रोह की स्थितियां खत्म नहीं हुई हैं। रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था, तब पूरी दुनिया से इसके खिलाफ प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई थीं। सबने इसे पुतिन की जिद बताया था। बातचीत की कोई व्यावहारिक पहल नहीं की गई, बल्कि रूस ने अलग-अलग बहाने बना कर यूक्रेन को तबाह करने की नीयत से भयावह हमले किए। इसके चलते यूक्रेन से हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा, लाखों लोगों को अपने घर-बार, रोजगार, पारंपरिक पेशों से हाथ धोना पड़ा है। न जाने कितने बेगुनाह लोगों की जान चली गई है। इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। इसे लेकर रूस के भीतर भी विरोध के स्वर सुगबुगा रहे थे। दरअसल, रूस में पुतिन के कामकाज के तरीके को लेकर भी लोगों में असंतोष है। इसलिए जब वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन ने तख्तापलट की घोषणा कर दी, तो रूसी अवाम में भी उसका समर्थन देखा गया। इस तरह पुतिन के अजेय होने का तिलिस्म टूट गया है।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर जनता कॉलोनी में सिद्ध चक्र विधान का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन मंदिर जनता कॉलोनी में जनता कॉलोनी जैन सभा एवं जैन युवा महिला फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में अष्टनिका महापर्व पर श्री सिद्धचक्र विधान मंडल पूजन का आयोजन किया जा रहा है। महिला फेडरेशन की सचिव मंजू गंगवाल, अध्यक्ष वंदना टोंग्या एवं पूर्व अध्यक्ष मीना अजमेरा , सुनीता कासलीवाल, सुनीला गंगवाल ने बताया प्रतिदिन 6:30 नित्य अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन के बाद राजेश शास्त्री एवं समकित के सानिध्य में श्री सिद्धचक्र विधान पूजन साज बाज भक्ति भाव से जिसमें समाज के अधिकतर लोग बैठकर धर्म लाभ ले रहे हैं।

# दीप बैडमिंटन अकैडमी द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दीप बैडमिंटन अकैडमी द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ मुकेश स्वाति गंगवाल के सुपुत्र हर्ष गंगवाल ने भाग लेकर फाइनल में प्रवेश किया एवं उपविजेता रहकर आदर्श नगर क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक रफीक खान से उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त की।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...



**शाबाश इंडिया।** तीन बच्चे सब्जी बेच रहे थे। एक सज्जन ने पूछा - बेटा, पालक है क्या- ? बच्चों ने जवाब दिया - बाबू, पालक होते तो आज हम सब्जी नहीं, स्कूल में पढ़ाई कर रहे होते। वो सज्जन बच्चों का जवाब सुनकर आवाक से रह गये। बचपन में माता पिता का साया उठ जाये तो बच्चों का जीवन ऐसा होता है जैसे बिन डोर की पतंग। संसार में सबसे ज्यादा प्यार और आशीर्वाद बच्चों पर माँ का बरसता है। पिता - सम्बल देता है। गुरू - धर्म और धैर्य देता है। याद रखना ! संसार में इनका दूसरा कोई विकल्प नहीं है -- जल, वायु, वनस्पति, माता-पिता और जीवनसाथी जैसे - पंच तत्व का दूसरा कोई विकल्प नहीं है, वैसे ही उन पाँच का विकल्प खोजना यानि आँख खोलकर छींक लेने जैसा ही होगा। आज इन्सान, कैसी सोच में जी रहा है- ? इन्सान अपने मां बाप से सब कुछ लेकर, अपने बच्चों को सब कुछ देना चाहता है। और स्वयं अपना जीवन वृद्धाश्रम में काटना चाहता है। **नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**


दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरेवर

Happy Anniversary

28 जून '23



श्रीमती अलका - सुनील जी जैन

धार्मिक सचिव व दिगंबर महासमिति इकाई प्रथम की सहसचिव

को वैवाहिक वर्षगांठ की

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

अध्यक्षः शकुंतला-महावीर प्रसाद बिन्दायका

सचिवः सुनीता-रमेश जी गंगवाल

कोषाध्यक्षः उर्मिला - राकेश जैन

# पहल थियेटर एवं पर्सनेलिटी डवलपमेंट वर्कशॉप के समापन में 200 बच्चें करेंगे अपने टेलेंट का प्रदर्शन....



जयपुर

पहल थियेटर एण्ड पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप के समापन कार्यक्रम **'मुट्ठी में आकाश'** के पोस्टर का विमोचन आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में किया गया।श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति त्रिशला महिला संभाग दुर्गापुरा की अध्यक्षा श्रीमती चन्दा सेठी ने बताया कि अरिहन्त नाट्य संस्था द्वारा प्रस्तुत ARL प्रेजेन्ट्स पहल थियेटर एवं पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप, प्रमोटेड बॉय RK मार्बल्स ग्रुप, का समापन कार्यक्रम दिनांक 29 व 30 जून को सायं 7.15 बजे महावीर स्कूल,सी-स्किम में लगभग 200 बच्चे अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। उक्त कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन श्री दिगम्बर जैन मंदिर,चन्द्रप्रभ जी के मन्त्री राजेन्द्र काला कार्यक्रम निर्देशक अजय जैन मोहनबाड़ी, त्रिशला सम्भाग मन्त्री रेणु पांड्या महिला प्रकोस्ठ मन्त्री रानी सौगाणी, सुनीता पांड्या, रितु चान्दवाड, महिला मंडल अध्यक्ष रेखा लुहाड़िया,मनोज सौगाणी एवं समाज के अन्य श्रेष्ठिगण कि उपस्थिति में किया गया। साथ ही

> **कार्यशाला के दौरान एक महीने में इन बच्चों ने एक्टिंग स्किल्स, डांसिंग स्किल्स डवलप की उसे सोसाइटी के सामने रखते हुए ये बच्चे सामाजिक सब्जेक्ट्स के लगभग 9 नाटकों का मंचन करेंगे जिन्हें टीचर्स ने इन्ही बच्चों के द्वारा इन्हीं की सोच को आगे बढ़ाते हुए इनसे तैयार करवाएं हैं...**

सम्पूर्ण कार्यक्रम का निर्देशन कर रहे अजय जैन मोहनबाड़ी ने बताया कि जयपुर शहर में अत्यधिक चर्चा का विषय बनी ARL प्रेजेन्ट्स पहल थियेटर एवं पर्सनल्टी डवलपमेंट वर्कशॉप, प्रमोटेड बॉय RK मार्बल्स ग्रुप, के समापन पर दिनांक 29 व 30 जून को सायं 7.15 लगभग 200 बच्चे अपना हुनर, अपना टेलेंट, अपना जोश और अपना डवलपमेंट दर्शाएंगे। कार्यशाला के दौरान एक महीने में इन बच्चों ने एक्टिंग स्किल्स, डांसिंग स्किल्स डवलप की उसे सोसाइटी के सामने रखते हुए ये बच्चे सामाजिक सब्जेक्ट्स के लगभग 9 नाटकों का मंचन करेंगे जिन्हें टीचर्स ने इन्ही बच्चों के द्वारा इन्हीं की सोच को आगे बढ़ाते हुए इनसे तैयार करवाएं हैं जिसके अंतर्गत 29 जून को 5 नाटकों का मंचन होगा व 4 धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस होगी एवं 30 जून को 4 नाटक प्रस्तुत किये जायेंगे व 5 सेंटर्स अपनी डांस प्रस्तुति देंगे। बच्चों को इस दौरान मंगलाचरण भी तैयार कराया गया है जिसकी प्रस्तुति दुर्गापुरा व मंगल विहार के बच्चे देंगे। इसके साथ ही इस एक महीने में उन्होंने आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग में जो कुछ भी सीखा, समझा और बनाया, वो सभी क्रिएटिव वर्क की एक्ज़ीबिशन 29 जून को लगाई जाएगी। गौरतलब है कि अरिहंत नाट्य संस्था द्वारा पहल थियेटर एवं पर्सनल्टी डवलपमेंट कार्यशाला में जयपुर के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्र प्रभ जी दुर्गापुरा, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर विवेक विहार, अनुप्रिया बुटीक महेश नगर, बिकन पब्लिक स्कूल मुरलीपुरा, आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मंगल विहार व धूप छाँव फाउन्डेशन के 7 सेंटर्स पर लगभग 250 बच्चों ने एक महीने तक ड्रामा, डांस, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, ऑब्जर्वेशन, स्पोंटेनियस, डिक्शन, इम्प्रोवाइजेशन, टीम वर्क, लीडरशिप, लिसनिंग, कम्युनिकेशन जैसे लगभग 23 सब्जेक्ट्स लगभग 15 बेहतरीन टीचर्स द्वारा बहुत ही बेहतर तरीके से और जोश उमंग उत्साह से सीखे।




# बैंड-बाजों और जयकारों के साथ आचार्य सौरभ सागर महाराज का दुर्गापुरा में हुआ प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

छोटी काशी के नाम से विख्यात राजधानी जयपुर शहर में इन दिनों चातुर्मास को लेकर दिगंबर जैन संतों की प्रवेश यात्रा चल रही है। 29 वर्षों की कठोर तपस्या के मार्ग पर चलते हुए आचार्य सौरभ सागर महाराज ने रविवार को जयपुर नगरी में मंगल प्रवेश किया था, सोमवार को आचार्य श्री की यात्रा बापू नगर दिगंबर जैन मंदिर पहुंची थी और आज मंगलवार को दुगार्पुरा स्थित चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची जहां पर आचार्य श्री की मंगल अगवानी दुगार्पुरा जैन समाज सहित प्रबंध कमेटी के सदस्यों द्वारा पाद प्रक्षालन कर की गई। कार्याध्यक्ष दुगार्लाल जैन ने बताया की आचार्य सौरभ सागर महाराज ने प्रातः 6.15



बजे बापू नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर से विहार यात्रा प्रारंभ करते हुए गांधी नगर, लालकोठी, लक्ष्मी मंदिर सिनेमा चौराहा, गोपालपुरा बाईपास चौराहा, इनकम टैक्स कॉलोनी होते हुए दुगार्पुरा दिगंबर जैन मंदिर में प्रवेश किया। जहां पर प्रबंध कमेटी, महिला मंडल, युवा मंडल सहित वषार्योग समिति के पदाधिकारियों ने अगवानी की, इस बीच आचार्य श्री ने मूलनायक चंद्रप्रभ भगवान के दर्शन किए और उसके बाद धर्मसभा को संबोधित करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने आशीर्वचन दिए।

## जयपुर में पहली बार होगा चातुर्मास

चातुर्मास कमेटी के मुख्य समन्वयक गजेंद्र बड़जात्या ने बताया की पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज का राजधानी जयपुर ही नही बल्कि अखंड राजस्थान में पहली बार चातुर्मास होगा, आचार्य श्री ने 29 वर्षो पूर्व दीक्षा ग्रहण की थी, तब से लेकर अबतक आचार्य श्री के चरण राजस्थान में नही पढ़े थे ।

# शौर्य को मिले 12 अवार्ड, अवार्ड सेरेमनी नाथद्वारा में संपन्न

**अनिल पाटनी। शाबाश इंडिया।**

अजमेर ।लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रीक्ट 3233ई2 की सत्र 2022झ23 दो दिवसीय पांचवीं कैबिनेट मीटिंग और अवॉर्ड सेरेमनी नाथद्वारा में माहेश्वरी भवन सभागार में प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल, भीलवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस क्लब अजमेर शौर्य को कुल 12 अवार्ड प्राप्त हुए हैं । क्लब अध्यक्ष लायन नयनासिंह को डायमंड एवम् क्लब सचिव लायन अमिता शर्मा को डायमंड अवार्ड प्राप्त हुआ ।विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने पर छः अवार्ड क्लब को प्राप्त हुए ।इसके अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन अंशु बंसल को डायमंड अवार्ड, लायन शैलेश बंसल को प्लैटिनम , लायन राजकुमारी पांडे , लायन अभिलाषा विश्नोई को गोल्डन अवार्ड मिला ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब के इंटरनैशनल डायरेक्टर लायन वी के लाडिया, पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन कुलभूषण मित्तल, इंदौर, प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल, भीलवाड़ा उपप्रांतपाल लायन श्याम सुन्दर मंत्री, उपप्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल लायन ओ एल दवे, लायन बी वी माहेश्वरी, लायन अरविंद शर्मा, लायन अनिल नाहर, लायन जेठमल गहलोत, लायन सुधीर सोगानी, लायन सतीश बंसल भी मंचसीन थे ।इस अवसर पर पूरे प्रांत के लगभग 150 से अधिक क्लब्स के 600 से भी अधिक प्रतिनिधि, सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में क्लब के 14 मेंबर शामिल हुए ।लायन प्रमिला राठौड़, लायन कला चौहान, लायन प्रतिभा विश्वा, लायन सीमा शर्मा , लायन जागृति केवलरामानी लायन सुनीता शर्मा, लायन मंजू बाला गुप्ता, लायन सुशील राठौड़ भी उपस्थित थी ।



# दुर्गापुरा में नन्दीश्वर द्वीप विधान का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिरजी चन्द्र प्रभ जी दुर्गापुरा में अठाईयों के मौके पर श्रावक- श्राविकाओं ने नन्दीश्वर द्वीप वृहद विधान( बावन पूजा ) रचयिता कविवर पं.जिनेश्वर दास कृत का आयोजन किया ।इस पूजा में विशेष योगदान श्रीमति सुमति अजमेरा( धर्मपत्नी श्री रमेश जी अजमेरा ),श्रीमति लक्ष्मी भौंच, श्रीमति पुष्पा मालपुरा व डां.एम.एल जैन 'मणि'-शान्ति जैन मणि का है ।आज की पूजायें समाप्त कर मुनि सर्वानन्दजी का बडा मार्मिक प्रवचन सुना। दिगम्बर आचार्य 108 वसुनन्दीजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सर्वानन्द, मुनि जिनानन्द एवं मुनिश्री पुण्यानन्द महाराज आज प्रताप नगर के सेक्टर 3से विहार कर दुर्गापुरा जैन मंदिर में अल्प अवधि के लिए आये हैं।

## आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 सुयस सागर जी महाराज का मंगल चातुर्मास झुमरीतिलैया में

**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया**

जैन संत परम परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि श्री 108 सुयस सागर जी महाराज का मंगल चातुर्मास करने की सूचना प्राप्त होने पर झुमरी तिलैया में खुशी की लहर दौड़ गई है जिसमें समाज के द्वारा एक आम सभा नि. अध्यक्ष सुशील छाबडा की अध्यक्षता ओर महामंत्री ललित सेठी के द्वारा की गई जिसमें इस चातुर्मास को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंगल प्रवेश के साथ चातुर्मास कलश स्थापना एवं कई कार्यक्रम करने के लिए कमेटी का गठन किया गया।जिसमें सर्वसम्मति से नरेंद्र झांझरी को इस चातुर्मास का संयोजक चुना गया। जिसे नरेंद्र झांझरी के द्वारा सहज स्वीकार किया गया साथ ही कहा गया आने वाले एक-दो दिन में इसमें और भी लोगों को जोड़कर एक कमेटी बना ली जाएगी।इसके साथ ही एक जुलाई को भव्य मंगल प्रवेश की तैयारी की रूपरेखा बताई गई इसमें शहर के मुख्य द्वार से महाराज श्री को गाजे बाजे के साथ कई और नई तरीके से मंगल प्रवेश कराने की योजना बन रही है। **कोडरमा मीडिया प्रभारी जैन राज कुमार अजमेरा, नवीन जैन**





## श्री राकेश-रेणु संघी

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के उपाध्यक्ष



की वैवाहिक वर्षगांठ
(28 जून) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं




शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# आचार्य ज्ञेयसागर-मुनिपुंगव सुधासागर का हुआ भव्य मंगल मिलन

## ज्ञानतीर्थ पर मुरैना वालों को गर्व करना चाहिए


**मनोज नायक. शाबाश इंडिया।**


**मुरैना।** संस्कारधानी धर्मनगरी मुरैना में ए बी रोड पर स्थित ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर सप्तम पट्टाचार्य श्री ग्येयसागर महाराज एवम निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज का भव्य मंगल मिलन हुआ। पूज्य गुरुदेव सुधासागर जी महाराज ने ज्ञानतीर्थ पर जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम में ब्रह्मचारणी बहिन अनीता दीदी एवम मंजुला दीदी की जिज्ञासा के जबाब में कहाकि ज्ञानसागर महाराज ने इतने अधिक पुण्य अर्जित किए कि उन्हें भोगने के लिए इस धरा पर कोई स्थान शेष नहीं था, इसीलिए उन्हें असमय ऊपर बुला लिया। वैसे भी प्रकृति अच्छे लोगों को जल्दी बुला लेती है। ज्ञानसागर महाराज की प्रेरणा से मुरैना को ज्ञानतीर्थ के रूप में एक अनुपम कृति प्राप्त हुई है। मुरैना की समाज को इस पर गर्व करना चाहिए और एकजुटता के साथ ज्ञानसागर की भावना के अनुरूप क्षेत्र का विकास करना चाहिए। मैं और ज्ञानसागर महाराज ब्रह्मचारी अवस्था में सागर में काफी समय तक साथ साथ रहे थे। मुरैना से मेरा काफी लगाव रहा है। श्री गोपालदास बरैया द्वारा स्थापित संस्कृत महाविद्यालय का श्रमणों के अध्ययन में उल्लेखनीय योगदान रहा है। मेरा मुरैना की समाज को आशीर्वाद था, है और आगे भी रहेगा। संत शिरोमणी आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव सुधासागर महाराज का आगरा वर्षायोग 2023 के लिए मंगल विहार चल रहा है। आज प्रदीप जैन पीएनसी आगरा के नेतृत्व में आगरा की सकल जैन समाज ने पूज्यश्री को श्रीफल अर्पित किया। धौलपुर जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन पत्रकार एवम मनियां समाज ने भी अपने साथियों के साथ श्रीफल अर्पित किया। इसी दरम्यान ज्ञानतीर्थ मुरैना में आचार्य श्री ग्येयसागर महाराज और सुधासागर महाराज का मंगल मिलन हुआ। ज्ञानतीर्थ पर विराजमान मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज एवम मुनिश्री नियोगसागर महाराज ने पूज्यश्री की प्रदक्षिणा कर विनय पूर्वक नमोस्तु निवेदित किया।









# भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ अनुष्ठान मे उमड़े श्रद्धालु

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**



**निवाई**। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की प्रेरणा से महिला मण्डल के द्वारा निर्वाण नगर स्थित विज्ञा प्रांगण पर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस धूमधाम से मनाया जिसमें संगीतमय भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर प्रसाद जैन हितेश कुमार छाबड़ा ने भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। अनुष्ठान मे गायक विमल जौंला सोभागमल सोगानी एवं विमल सोगानी ने संगीतमय णमोकार मंत्र की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान गायिका कोमल जैन पिंकी कठमाणा शशी सोगानी अनिता गोयल सहित अनेक महिलाओं ने संगीतमय भक्तामर स्तोत्र पाठ एवं भजन कीर्तन आयोजित किए गए। कार्यक्रम मे मंगलाचरण शकुंतला छाबड़ा पिंकी जैन यामिनी जैन वर्षा जैन वंशिका जैन अवनी जैन एवं अनवि जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया। जौंला ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रिद्धि मंत्रों से 48 दीपकों को भक्तामर श्लोकों से मण्डप पर समर्पित किए गए। जौंला ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने अपने मुखारविंद से भक्तामरजी का उच्चारण करते हुए सम्यग्दर्शन सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र के दीपक समर्पित किए। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान नेमिनाथ की पूजा अर्चना कर पंचपरमेष्ठी एवं भगवान आदिनाथ जी की आरती की। इस अवसर पर मयंक जैन देवांश जैन उर्मिला सोगानी बीना जैन साक्षी जैन बबीता जैन सुनील भाणजा नवरत्न टोंग्या त्रिलोक रजवास सहित अनेक लोग मौजूद थे।